नमस्कार मेडिटेशन की प्रस्तुति

शब्दों की उत्पत्ति कैसे हुई ?

(भाग-१, द्वितीय संस्करण)

ब्रह्मचारी प्रहलादानंद

(ध्यानाचार्य)

Namaskar Meditation Presentation

How Did The Words Originate ?

(Volume-1, Edition-2)

Brahmachari Prahladanand

(Master Of Meditation)

नमस्कार मेडिटेशन की प्रस्तुति

शब्दों की उत्पत्ति कैसे हुई ?

(भाग-१, द्वितीय संस्करण)

ब्रह्मचारी प्रहलादानंद

(ध्यानाचार्य)

Namaskar Meditation Presentation

How Did The Words Originate ?

(Volume-1, Edition-2)

Brahmachari Prahladanand

(Master Of Meditation)

शब्दों की उत्पत्ति कैसे हुई ? भाग - १
- ब्रह्मचारी प्रहलादानंद
How Did The Words Originate ? Volume - 1
- Brahmachari Prahladanand

प्रकाशक-
ब्रह्मचारी प्रहलादानंद
संन्यास आश्रम, विलेपार्ले (प.), मुंबई - ४०००५६ भारत
Publisher-
Brahmachari Prahladanand
Sanyas Ashram, Vile Parle (W), Mumbai - ४०००५६ India

प्रथम संस्करण - 2019, First Edition - 2019
द्वितीय संस्करण - 13 अक्टूबर ईस्वी सन् 2019,
शरद पूर्णिमा विक्रम संवत् 2076
Second Edition -13 Otober 2019 ,
Sharad Poornima Vikarm Samvat 2076
प्रिंट- 1000, Print-1000
मूल्य - अमूल्य, Price - Invaluable

संपर्क-Contact-
namaskar.meditation@gmail.com
Mobile - +91 9004928108 (Only WhatsApp Messages)

अनुक्रमणिका

-:-:-:-

श्री परम पूज्य गुरुदेव जी महाराज

परम पूज्य परमादरणीय श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ

सुरतगिरि बंगला हरिद्वार पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर

श्री स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरिजी महाराज

को सादर समर्पित

Dedicated To Shri Param Pujya Guru Dev Ji Maharaj

Param Pujya Param Aadharniya

Shrotriya Brahmanishth

Suratgiri Bangla Haridwar Peethadishwar

Acharya Mahamandleshwar

Shri Swami Vishveshwaranand Giri Ji Maharaj

प्रेरणास्त्रोत

Inspiration

श्री ध्यान माखीजा जी

(लेखक एवं पत्रकार, जनसत्ता, मुंबई)

Shri Dhyan Makhija Ji

(Writer and Journalist, Jansatta, Mumbai)

शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई ?

हर शब्द के पीछे एक कहानी है। हर वाक्य के पीछे एक रवानी है। किसी भी भाषा का कोई भी शब्द अकेले उसी भाषा से नहीं बनता है, न ही उसी भाषा और संस्कृति से अर्थ रखता है, हर शब्द अपने पीछे एक कहानी कहता है, और वह कहानी कहीं की भी हो सकती है, वह शब्द किसी भी भाषा में हो सकता है, शब्द उसी भाषा के अक्षरों को मिलाकर बना हो ऐसा भी नहीं हो सकता है, उसके अक्षर भी कहीं न कहीं से आते हैं, और जुड़कर शब्द बन जाते हैं। शब्द दो प्रकार के होते हैं एक **पुरुषात्मक** दूसरे **स्त्रत्यात्मक**। स्त्रात्यात्मक शब्द एक ही स्थान के होते हैं, पुरुषात्मक शब्द अलग-अलग स्थान के होते हैं, यानि जब कोई पुरुष किसी प्रकार की रचना करता है, जो उसमें जो शब्द होते हैं, वह अलग-अलग प्रदेशों और अलग-अलग जातियों, समाज, समूह और भाषा के होते हैं, जब कोई स्त्री रचना करती है तो, वह शब्द उसी के स्थान के, एक ही परिवेश के, एक ही भाषा के होते हैं, और लिपियाँ भी एक होती हैं।

शब्दों का सफर सदियों से चला आ रहा है, और न जाने कितनी भाषाओं में से हो-होकर गुजरा है, परिवेश और वक्त के बदलते तेवरों ने शब्दों को बहुत से रुप और रंग दिये हैं, एक ही शब्द एक देश में अलग अर्थ में तथा दूसरे देश में अलग अर्थ में, रूप में जाने जाते हैं, शब्दों के सफर में आज शब्द यहाँ तक पहँचे हैं। स्त्रियों के शब्द जरुरतों तक सीमित हैं, और पुरुष के शब्द शौक के लिए होते हैं।

ब्रह्मचारी प्रहलादानंद

How Did The Words Originate ?

There is a story behind every word. Behind every sentence is a ravani (Flow). None of the languages of any language is made up of the same language alone, nor does it mean the same language and culture, every word tells a story behind it, and that story can be anywhere, that word is any language It may be in the word that is made by combining the letters of the same language, it cannot be such that its letters also come from somewhere, and joining becomes the word. There are two types of words: a man-oriented second-Feminine. Feminine words are of the same place; Man-oriented words are of different places, i.e. when a man creates some sort of thing, the words that contain the words in it are different states and different caste, society, There are groups and languages, when a woman creates, that word is of the same place, of the same environment, of the same language, and the scripts are also one.

The journey of words has been going on for centuries, and not knowing how many languages have passed through, the changing times of environment and time have given many forms and colors to the words, the same word in a different meaning in one country and the other The words are known in the country in different meanings, the words today are still here in the journey of words. Women's words are limited to the requirements, and men's words are meant for hobbies.

- Brahmachari Prahladanand

A

1. आगवानी - आग + वाणी = जिनके पास आग और वाणी होती, वही आगवानी करते हैं। रात को आग वाले आग लेकर आगे चलते हैं लोग उनके पीछे चलते हैं, दिन में वाणी वाले बोलते हैं सब लोग मेरे पीछे चलो, तो इस तरह वह आगवानी करते हैं।

2. Alarm - अल्लाह + राम = प्रभात फेरी में राम-राम की धुन तथा सुबह-सुबह अल्लाह-ओ-अकबर की अजान। यह दोनों ही तो प्रातःकाल में जगाने का काम करते हैं। इसलिए अंग्रेजों ने इसे घड़ी के Alarm का शब्द बनाया।

3. अदालत - अदा + लत = अदा और लत ही अदालत पहुँचाती है। अदा और लत एक ही शब्द के दो रूप हैं। बड़े लोगों की आदत को अदा और छोटे लोगों की आदत को लत कहतें हैं।

4. Approach - आप + रोच = आप को जो रोचक लगता है, वही Approach है। पहले आप लोगों की रोच जानो ओर फिर आप किसी से Approach कर सकते हो।

5. अभ्युदय - अभय + उदय = अभय का उदय होना - रात्रि के आरंभ से लेकर अंत तक सभी भय से ग्रसित हो जाते हैं। किंतु जब सूर्य का उदय होता है, तो सूर्य के प्रकाश के कारण सभी में अभय का उदय होता है।

6. आर्तो जिज्ञासु रथ अर्थी - चतुर लोगों ने मुझे भजने का विधान बनाया है - **आर्तो** - यानि मेरी आरती करना। **जिज्ञासु** - दूसरे के जी (मन) में क्या है ? यह पता करना, कि हे भगवान ! इसके मन मे क्या है, बस पता भर चल जाए। **रथ** - किसी भी वाहन में बैठने और चलाने से पहले। **अर्थी** - राम नाम सत्य है, ऐसा बोलकर।

7. अर्थात् - जिससे अर्थ (रुपया) आता है।

8. अपरिग्रह - अ + परि + ग्रह = पातञ्जली योगसूत्र के अनुसार योगी को दो

चीजों से बचना चाहिए। एक परि दूसरी ग्रह । यानि विश्वामित्र की तपस्या परि (अप्सरा) ने भंग की और दूसरों के ग्रह नहीं लेने चाहिए। सिर पर से ग्रह के दान घुमाकर दे। वह दान नहीं लेना चाहिए। नहीं तो उन ग्रहों को उतारने में ही समय व्यतीत हो जाएगा।

9. **अतीत** - तीत (कटु शब्द) को कोई अतीत नहीं करता है, या भूलता नहीं है।

10. **अधिकांश** - अधिक + अंश = अधिक लोग यही चाहते हैं कि, अधिक अंश उन्हें ही मिले।

11. **आध्यात्म** - आ + ध्या + अ + तम = आरंभ करो ध्यान का - जिससे अतम हो जाओ यानि बिना अंधेरे के हो जाओ।

12. **आजमाईश** - आजमा + ईश = ईश्वर की आजमाईश अक्सर लोग कर लेते हैं।

13. **अंधविश्वास** - अंधविश्वास नहीं करते परंतु Positive Energy और Negative Energy में विश्वास करते हैं। भूत-प्रेत नहीं मानते पर Good Elements और Bad Elements मानते हैं। नदी में सिक्का फेंकना अंधविश्वास है और Fountain में सिक्का फेंकना ????

14. **अन्तिम** - अंत + ईम = अन्न का अन्तिम ही ईम है, यानि ईमान है।

15. **आचरण** - आ + चरण = चरण से ही आचरण का पता चलता है। इसलिए लोग चरण छिपा लेते हैं और उच्च मूल्य के जूते पहन लेते हैं, ताकि वो उच्च आचरण वाले दिखाई दें। इसीलिए किसी का आचरण पहचानने के लिए लोग उसके चरण छुए जाते हैं। कुछ लोग चरण नहीं छुने देते हैं, ताकि उनके आचरण का पता न चल जाए।

16. **अतिरिक्त** - अति + रिक्त = अति करनेवाले (ज्यादा करनेवाले) और रिक्त (खाली) - इन दोनों को ही प्रत्येक वस्तु अतिरिक्त चाहिए।

17. **आलोचना** - आलू + चना = आलू को चना और चना को आलू करना

ही आलोचना है।

18. **अंतरण** - अंत + रण = या तो अंत होगा या रण में जाना पड़ेगा दोनों से ही अंतरण होगा। जैसे रावण ने कहा मरीचि से या तो में तेरा यहीं अंत कर दूँगा, या फिर तुझे सोने का हिरण बनकर राम के हाथों मरना पड़ेगा।
19. **आक्रोश** - आ + Crows = आते हैं क्रोश - जब Crows यानि जब बहुत सारे कोए गुस्से में इकट्ठे होते हैं, उसे आक्रोश कहते हैं।
20. **अजामिल** – अ + जाम + मिल = जो जाम को पीने में जो दूसरों के साथ न मिले, वह अजामिल।
21. **अभिमन्यु** - अभि + मन + New = अभी जिसका मन New है। यानि नये मन वाला। जो अभी संसार के चक्रों को नहीं जानता है, वह नये मन वाला ही, चक्रव्यूह में फंस कर मर जाता है।
22. **Angel** - अन्न + जल = अन्न और जल देने वाले ही तो Angel हैं। यानि जो हमें अन्न और जल देते हैं वही Angel यानि देवदूत या फरिश्ते होते हैं।
23. **अमरूद** - अमर + ऊद = अमर करना है उद (पेट) को तो अमरूद खाऔ, अमरूद खाने से पेट अच्छा रहता है।
24. **अंग्रेज** - अंग + रेज = अंग + जरे = अंग जिनके हो जरे। वह हैं अंग्रेज, अंग्रेजों के शरीर को देखने पर ऐसा लगता है कि इनके अंग जले हुए हैं।
25. **Arrange** - अ + रंग = रंज को खतम करने के लिए, Arrange Marriage की जाती है, भारत देश में एक-परिवार का रंज (दुश्मनी) दूसरे परिवार से बहुत वर्षों चलता है, तो उस रंज को समाप्त करने के लिए और परिवारों का प्यार बढ़ाने के लिए Arrange Marriage की जाती है।
26. **Alphabet** – अल्प + है + बात = अल्प है बात – यानि जब बात अल्प कहनी होती है, तो Alphabet में कही जाती है।
27. **Accident** – अक्छी + दँत = अक्छी (छींक) आने पर दाँत टूट जाते हैं।

छींक आने पर रुक जाना चाहिए क्योंकि छींक आने का मतलब है कि कोई Virus शरीर में घुसने की तैयारी कर रहा है। उस समय में पैदल ही यात्रा करनी पड़ती थी, अपने शरीर से ही यात्रा करनी पड़ती थी। तो अगर शरीर में Virus रहेगा तो बीमार हो जायेगा। उस समय उसका ईलाज कहाँ होगा ? क्योंकि कोई अस्पताल नहीं थे। और सारा रास्ता पैदल काटना है। और जहाँ मंजिल पर पहुँचेगें तो वहाँ पर उन लोगों के लिए भी बीमार व्यक्ति की सेवा करवाने वाले बन जाएगें। उनका समय भी नष्ट करेंगे। यहाँ पर भी लोगों को चिंता रहेगी। इसलिए छींक आने पर यात्रा टाल दी जाती थी। और कुछ दिन रुककर यात्रा की जाती थी। यानि **Virus** का उपचार कर यात्रा की जाती थी।

28. **Alexander** – अ + लक्ष + इन्द्र = अलक्षेन्द्र, जिसका कोई लक्ष्य न हो, वह है Alexander.
29. **अकबर** – अ + Cover = जिसको कोई Cover नहीं कर सकता वह है अकबर। यानि जिसको कोई अपने काबू में नहीं ले सकता है।
30. **आफरीन** - Off + ऋण = ऋण के Off हो जाने पर सब कुछ आफरीन लगता है। किसी पर कर्जा होता है, तो उसका बोझ उसके सिर पर बहुत अधिक होता है, जब कर्जा उतर जाता है, तब उसका बोझ बहुत कम हो जाता है।
31. **अन्जाम -** अन्न + जाम =हर अन्न का अन्जाम, जाम होता है। यानि हर प्रकार के अन्न से शराब बनाई जा सकती है, जो कि जाम में जाती है।
32. **आईना -** Eye + ना = आईना में कभी Eye (आँख) न डालो, खुद को खुद की नजर लग जाती है।
33. **Assets -** अपने बुजुर्गों की Ashes (राख, फूल) रखनेवाले ही तो अपने बुजुर्गों की Assets (सम्पत्ति) पाते हैं।

34. ऐश्वर्य - Ashes + वर्य = Ashes को रखनेवाले ऐश्वर्य को पा जाते हैं।

35. आहार - हार से जो बचाए वह है आहार यानि हार नहीं चाहिए तो आहार कीजिए। यही आहार का अर्थ है। खाली पेट सेना ज्यादा दिन नहीं लड़ सकती है और हार जाती है।

36. अल्लादीन का चिराग - अल्लाह को केवल दीन लोग ही मानते हैं। दीन के पेट की आग ही चिर आग होती है। जो कभी बुझती नहीं है। उस चिर आग को बुझाने के लिए वह मेहनत करता है। जिससे उसके पास धन-दौलत, घर-मकान और स्त्री आ जाते हैं।

37. आत्मसात - आत्म + सात = वह आत्म कह लो या सातवें आसमान पर खुदा रहता है कहलो, दोनों बराबर ही हैं। सात चक्रों के भेदन के बाद आत्म उपलब्धि होती है। चक्र का वह स्थान,जहाँ से भेदन किया जाता है, शून्य कहलाता है। शून्य ही खाली स्थान होता है, खाली स्थान को आकाश या आसमान कहते हैं। यही सात चक्र ही सात आसमान हैं। इन सात चक्रों के बाद आत्म है। इन्हीं सात आसमान के बाद खुदा है। आत्म ही खुदा है, खुदा ही आत्म है। जब आप खुद आते हैं तम (अंधेरे) में, तब आपको खुद के होने का पता चलता है। अंधेरा यानि अमावस्या की रात, किसी प्रकार का प्रकाश न हो, उस अंधेरे में रहने पर धीरे-धीरे, जो प्रकाश आएगा, वह आप हो, वह आत्म है, यानि कोई किसी के वह खुदा है, क्योंकि वह खुद आता है।

38. अंग्रेज = अंग + Raz = जो अपने अंग पर Razor का उपयोग करते हैं वह अंग्रेज, भारतीय लोग उस्तरे का उपयोग करते हैं।

39. आखिरी - आखिरी को ही खरी-खरी सुननी पड़ती है कि फिसड्डी कहीं का। तेज-तेज नहीं चल सकता। दूसरे देख कहाँ से कहाँ निकल गए तू अभी तक यहीं पड़ा है - आदि आदि।

40. **अमिताभ -** अमिट + आभा = अमिट आभा यानी मिट न सके ऐसी आभा। ध्यान में आभा के लिए ही बैठा जाता है, कि जो भोजन हमने किया है उस भोजन को कैसे ओज को आभा में बदला जाए, यह कार्य ध्यान के द्वारा किया जाता है। नहीं तो वह उर्जा शरीर से बाहर, किसी भी रूप में जा सकती है| उस उर्जा को आभा में परिवर्तित करने के लिए ही यह ध्यान मुद्रा है। यह मुद्रा बड़े-बड़े ध्यानियों ने ध्यान करने के लिए उपयोग में ली है |
41. **आसान** - सान ही तो आसान नहीं है। चाहे पानी के साथ आटा सानना हो, या भूसा के साथ पानी को सान कर सानी बनाना हो। तभी तो कहते हैं, इसके जैसा सानी दूसरा नहीं है।
42. **अदब** - जो दबे न वही अदब है।
43. **अयोध्या** – अ + युद्ध = जहाँ पर युद्ध नहीं होता वह है अयोध्या। यानि अयोध्या में युद्ध नहीं होता है।
44. **अवध** – अ + वध = जहाँ पर किसी का वध नहीं होता है। यानि जब अयोध्या में युद्ध ही नहीं होता है, तो फिर वहाँ पर वध हो ही नहीं सकता है।
45. **आशीर्वाद** – आ + सिर + वाद = आते हैं सिर में वाद। उसे कम करने के लिए आशिर्वाद दिये जाते हैं। जब किसी के सिर में वाद आते हैं, यानि किसी के सिर में वाद-विवाद होते हैं, यानि वह जब स्वयं से ही बहस करने लगता है, और तब उसे किसी प्रकार से शांति नहीं मिलती है, उसके सिर में दर्द होने लगता है, तो उस वाद को खतम करने के लिए आशीर्वाद दिये जाते हैं।
46. **अद्भुत -** भूत ही अद्भुत है।
47. **अड़ियल -** जो Dial नहीं होते वह अड़ियल होते हैं।
48. **अनपढ़ -** जो अ को नहीं पढ़ा वो अनपढ़ है।
49. **Aback** – अ + Back = जब कोई किसी को Back से यानि पीछे से हाथ

लगाता है, तो वह चौंक जाता है या कोई पीछे चलते-चलते किसी चीज से अचानक टकरा जाता है तो कहता है अबे, यही Aback है।

50. Abandon – अ + बन्डॉन = दान के बन्धन से बाहर आ जाना, यानि जब किसी को दान देकर बन्दी बनाया जाता है, उससे जब वह बाहर आ जाता है। उसे Abandon कहते हैं। है, वह है, अबन्दन या Abandon. यही दान देने वाला तो Don (डॉन) है। जिसके दिये दान के बंन्धन से बाहर आ जाना ही Abandon है।

51. Award – अ + Ward = जो Ward में नहीं जाते हैं, वही Award पाते हैं। जब युद्ध होता है, और जो सैनिक Hospital के Ward में भर्ती नहीं होते हैं, उन्हें ही Award दिया जाता है।

52. Antreprenor – आँत + प्राण + Or = जो आँत और प्राण की बात करता है वह है Antreprenor.

53. अर्जुन – अर्ज + उन = जो अरज (प्रार्थना) करता है, उनसे - उसे कहते हैं अर्जुन।

54. Asthma – अश + थमा = आशाओं को जो थाम के रख लेते हैं, उसे कहते हैं Asthma. यानि जो अपनी आशाओं को सीने में छिपाकर रखते हैं, उनको पूरा नहीं करते या बाहर नहीं निकालते हैं, तो उनके सीने में भारीपन आ जाता है, जो श्वास को रोकता है, उसे ही Asthma कहते हैं।

55. अजवाईन – अ + Join = जो Wine पीने में Join नहीं करते हैं उन्हें अजवाईन देते हैं।

56. Affair – अ + Air = जो Fair नहीं है वह Affair है। Fair यानि फलों की हवा – फलों की हवा जब चलती Fair अच्छी हवा चलती है। जब वही फल सड़ जाते हैं तो Affair यानि बुरी-सड़ी हुई हवा निकलती है जो Affair कहलाती है।

57. Associate – Ass (गधे) को ही सभी साथी बनाते हैं। पहले जमाने में बुद्धिमान लोग यात्रा करते थे तो यात्रा का साथी एक गधे को बनाते थे। जिस पर वह अपने बोझ को रख सके। उसी तरह जीवन में भी एक गधे को हर कोई साथी बनाता है जिस पर वह अपने सारे बोझ डाल देता है।

58.अहसान – अहं + शान = अहम् यानि अहंकार की शान दिखाने के लिए लोग अहसान करते हैं। गाँव में जब कोई आदमी अपने पशुओं के लिए किसी दूसरे को सानी (पशुओं का भोजन) बनाने के लिए देकर जाता है। तो दूसरा उसे हमेशा याद दिलाता है कि उसने उसकी सानी बनाकर उसपर अहसान किया है।

59. अकाल – अ + काल = काल का न होना ही अकाल है, जब काल नाराज होता है, तो फिर अकाल आता है, यानि काल वहाँ से चला जाता है, वहाँ पर काल की गतिविधियाँ रुक जाती है, ऐसा लगता है, जैसे समय रुक गया है।

60. अरदास – दास लोग ही अरदास करते हैं।

61. Address – Ad +Dress = Dress से ही Ad (Advertisement) की जाती है। यानि जब कोई अपने कार्य का विज्ञापन करता है, तब वह Dress (कपड़े) ही ऐसे बनाता है, कि वह कपड़े ही उसके कार्य का विज्ञापन करते हैं। और उस Dress पर ही उसका पता भी होता है, जो कि Address कहलाता है। पहले जमाने में भी Dress को देखकर पता चल जाता था कि इसका पता कहाँ पर है ? आज भी Dress पर पता लिखा रहता है।

62. अड्डा – Adda – सबके जमा (Add) होने का एक Adda (अड्डा) होता है, सबको Add (जमा) करने के लिए ही Advertisement की जाती है।

63. आदेश – आना + देश = आना अपने देश में यही तो आदेश है, आप अपने देश में किसी को भी आदेश दे सकते हैं, किन्तु दूसरे के देश में किसी को आदेश नहीं दे सकते हैं।

64. अनाज – अन्न + नाज = अन्न और नाज दोनों ही अनाज हैं।

65. Animal – जो कहीं पर भी अपने मल को कर दे उस Animal कहते हैं।

66. Accommodation – अ + कौम + देश + अन्न = जो कौम या देश का नहीं होता है, उसे अपने रहने और अन्न का प्रबन्ध खुद ही करना पड़ता है। यानि उसके Accommodation का इन्तजाम करना पड़ता है।

67. अभ्यास – अभय + आस = अभय होने की आस ही अभ्यास है, प्रत्येक व्यक्ति यही चाहता है कि वह अभय को जाए। बस इसी आस में वह अभ्यास करता है।

68. आला-तालीम - आला + तालीम = आला (Doctor) बनने की तालीम ही आला तालीम है, यानि जिस तालीम से ताली बजे उसे आला तालीम कहते हैं।

69. आवेश – आता है जो वेश से - वेश में रहने वाला व्यक्ति हमेशा आवेश में रहता है। जो व्यक्ति किसी Dress में रहता है, उसे आवेश होता ही है।

70. अमृत – जो मृत नहीं है, वही अमृत है।

71. Attention – At + Tension = जो Tension में होता है, सभी का Attention उसी की तरफ होता है।

72. अस्तेय – अ + Stay = जो Stay नहीं लेते हैं, वही अस्तेय हैं। यानि जो किसी के काम में कोई बाधा नहीं डालते हैं।

73. आसन – आस + न = जहाँ कोई आस न हो वही है आसन।

74. अवहेलना – Whale की कौन अवहेलना कर सकता है।

75. Audio – और + दिओ = जब कोई किसी और ज्यादा माँगता है तो

कहता है और दिओ, वही Audio है, सुनने वाला कहता है कि जोर से बोलो।

76. Arrest – अ + Rest = जहाँ पर Rest नहीं कर सकते हैं, वह है Arrest.

77. अहम – अ + हम = हम का न होना ही अहम है, यानि जब सब लोग मिलकर कार्य करते हैं, वह कहते हैं कि हमने किया और अकेले किया गया कार्य अहम कहलाता है, कि यह काम मैंने किया।

78. अंधाधुन्ध – अंधा + धुन्ध = अंधा हो या धुन्ध हो वही अंधाधुन्ध है।

79. अविष्कार – अ + विष + कार्य = जो कार्य बिना विष दिये होता है, उसे अविष्कार कहते हैं। भारत में पहले विष देने का कार्य बहुत होता था, अंग्रेज इससे बहुत परेशान थे, तो उन्होंने ऐसे चीजों को बनाना शुरु किया जिन पर विष का असर न हो। जैसे उन्हें जाना है जो घोड़े का विष दे दिया, घोड़ा बीमार पड़ा। और मर गया। तो उन्होनें Car-Motorbike बना ली, ऐसे ही अनेक अविष्कार किये गये।

80. आस्तिक – आशा + टिक = आशा टिक जाए जिसकी वह आस्तिक है।

81. अनास्था – अन्न + आस्था = अन्न पर आस्था रखना ही, अनास्था है।

82. अनादर – Another का ही अनादर किया जाता है। व्यक्ति उसी का अनादर करता है, जो उसका नहीं है यानि जो उसे जानता नहीं है, तभी तो अनादरित व्यक्ति कहता है कि तू मुझे नहीं जानता मैं कौन हूँ ?

83. अबला – अ + बला = जो बला नहीं होती हैं, वह अबला कहलाती हैं।

84. अजीर्ण – अ + जीर्ण = जो जीर्ण न हो वह अजीर्ण है, यानि जिससे जी नहीं बना उसे ही अजीर्ण कहते हैं।

85. अल्लादीन – अल्ला + दीन = जो दीन लोग होते हैं, वह अल्ला को मानते हैं।

86. अडिग – अ + डिग = जो डिगता नहीं है वही अडिग रहता है।

87. आत्मज – आत्मा + ज = आत्मा से जो जन्म लेता है, वह है आत्मज।

88. अहमकाना – अहम + काना = यह दोनों एक ही नजर से बात करते हैं, यानि एक ही पक्ष की बात कहते हैं, अहम केवल अपने अहंकार की बात है, और काना एक आँख से जितना दिखाई दे उतनी ही बात करता है, इसीलिए दोनों ही अहमकाना होते हैं।

89. अक्स – दूसरे की आँखो (अक्ष) में जो चेहरा दिखाई देता है, उसे अक्स कहते हैं।

90. आश्रित – आश + ऋतु = सभी लोग ऋतुओं पर आश्रित रहते हैं, ऋतुएँ सभी की आशाओं को पूरी करती हैं।

91. Adventure – Ad + वन + चर = अपना Advertisement करना हो, या वन में चरना हो, यह ऐसे ही जैसे जब व्यक्ति अज्ञात जगह अपनी पहचान बनाता है, यही है Adventure.

92. अचम्भित – अ + चम + भीत = किसी की चमड़ी और भीत (दीवार) देखकर ही व्यक्ति अचम्भित हो जाता है।

93. आशिफ – आशा + If = आशा होती है, कि ऐसा हो जाऐ, अगर ऐसा हो जाए यही है आशिफ।

94. आसमान – आशा + मान = आशाओं का मान जो रखता है, उसे आसमान कहते हैं। जब कहीं उसकी आशाऐं पूरी नहीं होती हैं, लोग कहते हैं कि आसमान से आस लगाओ, आसमान पर खुदा रहता है, तो फिर वह आसमान से आश लगाता है, और आसमान उसकी आशाओं को मान लेता है, इसीलिए वह आसमान को मान देता है और आसमान को ही खुदा समझता है और हमेशा उसी से आस लगाता है।

95. आचरण – आ + चरण = आते हैं चरण में, उसे कहते हैं आचरण।

96. अंध-विश्वास – अन्न + ध + विश्वास = अन्न खिलाकर ही अंध-विश्वास

कायम किया जातै है यानि जब कोई किसी का अन्न खा लेता है, तो फिर वह उस पर विश्वास कर लेता है, और वह सही है या गलत है इसकी परवाह नहीं करता है, क्योंकि यह उसकी नमक हरामी कहलाती है।

97. आदमी – आदम – आता है दम जिसमें वह है आदमी। आदमी में दम रहता है, इसीलिए उसे आदमी कहते हैं।

98. आशीष - आश + शीष = आशा करनेवाले भगवान के आगे शीष नवाते हैं, आशीष पाते हैं, इसलिए, आऔ शीष नवाऔ, आशीष पाऔ।

99. अनाहत नाद - अन + आहत + नाद = अन्न जब गिरता है, पेट में, तो जो आवाज होती है, उसे अनाहत नाद कहते हैं। अन्न के आहत से जो आवाज होती है, उसे नाद कहते हैं।

100. अनर्थ - अन्न + Earth = अन्न जब Earth (धरती) पर गिरता है, तो, अनर्थ नहीं होता है। गिरा हुआ अन्न ही, कई गुना होकर, वापस हमें प्राप्त होता है। अन्न Earth (धरती) से ही उत्पन्न होता है, इसीलिए उसे अनर्थ कहते हैं।

101. आहत - आह + हत = आह ही तो आहत करती है। इसीलिए कहते हैं, कि किसी गरीब की आह नहीं लेनी चाहिए। यानि किसी गरीब को दुःख नहीं देना चाहिए। नहीं तो उसकी आह, आहत कर देती हैं, बड़े-बड़े साम्राज्यौं को भस्म कर देती।

102. आसाम - आसाम में सामवेद का सामगान करनेवाले रहते हैं। आसाम वह प्रदेश है, जहाँ गाना गाने वाले लोग रहते हैं। आसाम के लोगों का गला बहुत सुरीला रहता है। संगीत अति उत्तम रहता है।

103. Atlas - एटलस - अ + तलाश = तलाश (खोज) का बंद हो जाना। जब व्यक्ति बने बनाए नक्शों का उपयोग करना शुरु कर देता है। तब उसकी स्वयं की खोज बंद हो जाती है।

104. ओझा - ऊँ कार + झाड़नेवाला = ऊँ कार से झाड़नेवाला ही ओझा होता है। MRI Magnetic resonance imaging (चुम्बकीय अनुनाद इमेजिंग) MRI Scan इसलिए किया जाता है, जिसमें देखा जाता है कि कहाँ पर क्षति हुई है। फिर उस स्थान की चिकित्सा की जाती है। इसी प्रकार ओझा भी शरीर की चुंबकीय अनुनाद को चेक करता है। और वह दो चीजों से चेक करता है। एक झाड़ू या दूसरी मोर के पंख। फिर जिस स्थान पर चुंबकीय बिगाड़ होता हैं, वहाँ वह मोर के पंख मारकर ऊँ कार से झाड़ता है। ऊँ से झाड़नेवाला इसलिए उसे ऊँ झा से ओमझा फिर ओझा कहा जाने लगा।

105. अर्थ - सारा आध्यात्मिक ज्ञान संस्कृत में है। संस्कृत से किसी भी भाषा में अर्थ करने पर उसके बदले में अर्थ (धन) मिलता है। जब यह ज्ञान सभी भाषा में उपलब्ध हो जाएगा तब अर्थ (मिलना) बंद हो जाएगा। क्योंकि सभी को उपलब्ध हो जाएगा। सभी आसानी से समझ जाएंगे। कोई दक्षिणा नहीं चढ़ायेगा। इसलिए इसे संस्कृत में ही रहने दीजिए। अर्थ (धन) के लिए इसका अर्थ मत कीजिए। जिसको समझना हो, उसको संस्कृत पढ़ाईये। संस्कृत भी बचेगी, संस्कार भी बचेंगे, संस्कृति भी बचेगी, आध्यात्मिक ज्ञान भी संस्कृत में, बिना मिलावट के सुरक्षित रहेगा। दूसरे किसी भाषा में नहीं जा पाएगा। इसे प्राप्त करने के लिए, सभी को संस्कृत पढ़नी पड़ेगी। सारी दुनिया में संस्कृत के विद्यालय होंगे। और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए, सभी संस्कृत सीखेंगे।

106. अधिकारी - अधिक + कार्य = अधिक कार्य करनेवाले ही अधिकारी होते हैं।

107. Attitude - अटूट - जो टूटे नहीं, वही Attitude होता है। तभी तो कहते हैं, बड़ा अकड़ कर चलता है, इसका Attitude तो देखो , मैं इसका

घमंड तोड़ूंगा।

108. अड़चन - जब किसी को कोई अड़चन आती है तो वह अर्चन करता है।

109. अपमान - Up + मान = जब कोई यह कहे कि "आओ मेरे सिर के ऊपर बैठ जाओ" तो यह आपका मान है या Upमान है ? क्योंकि वह तो ऊपर बैठा रहा है। ऊपर बैठाना तो मान होता है।

110. आसमान - आस + मान = हम उसी को मान देते हैं, जो हमारी आशाओं को पूरा करता है । आसमान पर रहने वाला परमात्मा हमारी सभी आशाओं को पूरा करता है। इसलिए हम परमात्मा को मान देते हैं।

111. Action - एक + क्षण = एक क्षण में जो हो जाए वही तो Action है।

112. आर्ष विद्या - अर्श ही आर्ष है। अर्श यानि आसमान। विद्या यानि ज्ञान। आसमान का ज्ञान ही तो आर्ष विद्या है । आसमान यानि आकाश । आकाश यानि परमात्मा। तो परमात्मा से संबंधित ज्ञान ही आर्ष विद्या है। जिसे आसमानी इल्म भी कहते हैं।

113. अनजान - अन्न + जान = अन्न में ही जान होती है। यही पहला ज्ञान (जानकारी) आदमी को मिली। इसलिए अनजान होते हुए भी वह अन्न से उसकी जान बची रहती है यही सोचकर वह अनजाने अन्न को भी अपना लेता है।

114. आज्ञा - आता + ज्ञान = आता है, ज्ञान जहाँ उस स्थान को आज्ञा कहते हैं। आज्ञा चक्र वह स्थान है कि जब वह सक्रिय होता है तो आपको ज्ञान आना प्रारंभ हो जाता है।

-:-:-:-

B

1. **भैरव** - भय + रव = भैरव - भय से रक्षा करनेवाला।
2. **Barbeque** - बार + बे + क्यु = किसी ने पूछा यह क्यु रखा है, दूसरे ने कहा बार बे (जलाने) के लिए रखा है। मरे हुए आदमी को जलाने के लिए जिस पर रखा जाता था, अंग्रेजों ने समझा कि यही Barbeque है। इसीलिए वह मरे हुए जानवर को Barbeque में भून कर खाते हैं।
3. **Bar** - Bar में आदमी खुद को बारने (जलाने) जाता है। बार में बैठकर शराब पीता है, शराब आदमी को भीतर से जलाती है।
4. **बारूद** - Bar + ऊद = Bar में जो मिलती वह ऊद (पेट) में जाकर बारूद का काम करती है। जिस तरह से बारूद बाहर विस्फोट करती है। और आग लगा देती है। उसी तरह से शराब पेट में जाकर विस्फोट करती है, और आग लगा देती है। शराब व्यक्ति को अन्दर से जब जलाना शुरू करती है। व्यक्ति में ईर्ष्या उत्पन्न होती है वह दूसरों से जलने लग जाता है। यही ईर्ष्या की जलन उसे अन्दर ही अन्दर जला देती है।
5. **Budget** - बजट – बचत - Budget यानि बजट, हिन्दी के शब्द बचत का ही अपभ्रंश है। बचत का मतलब तो सभी जानते हैं कि आय को खर्च इस तरह से किया जाए कि उसमें से कुछ बच जाए। जिसे बचत कहा जाता है। क्योंकि यही छोटी-छोटी बचत बनकर एक बड़ी बचत बन जाती है। यही Budget - बजट या बचत है।
6. **Bell** - बैल के गले में घंटी बंधी होती है, जिसके बजने पर पता चल जाता है कि बैल आ गया। इसलिए अंग्रेजों ने बैल को ही Bell मान लिया।
7. **Belly** - पेट को Belly कहते हैं क्योंकि छोटे बच्चों के पेट पर घंटी बंधी होती है।
8. **Battle** - बाँटले ही Battle है। जब लोगों में यह तय होता है कि आजा

बाँटले, तो उसका मतलब अंग्रेजों ने Battle लगाया। क्योंकि बाँटना बिना जंग के हो नहीं सकता।

9. **बाहुबली** - जिसके बाहु (बाजू) में बल होता है, उसे ही बली देने का कार्य दिया जाता है।

10. **बिस्तर** - विष से जो तर है, वही तो बिस्तर है।

11. **Bandage** - बंद करने कोई वस्तु को बन्देज लगाया जाता है।

12. **बकवास** - Back + Wash = अंग्रेज रोज सोचते कि Indian लोग लोटा लेकर कहाँ और क्या करने जाते हैं ? एक दिन एक अंग्रेज अफसर ने अपने Junior को लोटे वाले के पीछे भेज दिया। Junior ने Reporting की He is doing Back Wash. तो उस दिन के बाद Back Wash बकवास बन गया। क्योंकि अंग्रेज Back Wash नहीं करते। और Indian की स्वच्छता को बकवास कहते है।

13. **Barricate** (बेरीकेट) - बेर के कांटे - बैरी के लिए, बेरी के काँटों से Barricate (बेरीकेटिंग) की जाती है। दुश्मन के रास्ते में कांटे बिछाये जाते हैं।

14. **Blog** - बैचेन लोगों की बेलगाम बातें। जो कि बेलॉग बातें होती हैं। B Category के लोगों की बातें जो A Category में नहीं आ सके।

15. **बक्षीश** - वक्ष + शीश = स्त्रियाँ अपने वक्ष दिखाकर अपना शीश बचा लेती हैं। कहीं पर भी जब कोई दूसरी सत्ता काबिज होती है तो पहली सत्ता वाली स्त्रियाँ आक्रमणकारी को अपना वक्ष दिखाकर अपने परिवार के लोगों का शीश बचा लेती हैं। यानि वह अपना समर्पण कर देती हैं और अपने परिवार को मरने से बचा लेती हैं, यही बक्षीश कहलाती है।

16. **Book** - काबू करने के लिए Book है। किसी को काबू करना है, तो यह

जान लो कि वह कौन-सी Book को मानता है, बस उसी Book के अनुसार उसे काबू कर लो। इसीलिए अनपढ़ लोग किसी के काबू में नहीं आते हैं, किंतु जो किसी Book को मानते हैं, वह जल्दी काबू में आ-जाते हैं।

17. **बिन बुलाया मेहमान** – बीन बजती है बारात में, नागिन Dance होता है, तो बीन की आवाज से जो चले आते हैं वह हैं बिन बुलाये मेहमान। बीन ही तो उनके लिए निमंत्रण है। यानि सर्प चले आते हैं।
18. **भोजन** – भोज का अन्न - राजा भोज के द्वारा दिया जानेवाला अन्न। राजा भोज हर किसी को अपना अन्न आमन्त्रण कर खिलाते थे, इसी से अन्न का नाम भोजन हो गया।
19. **बँटवारा** - बाँटने के लिए जो वार होती है, उसे बँटवारा कहते हैं।
20. **बाँसुरी** - बान (वाणी) को जो सुर दे, वह बाँसुरी है।
21. **भ्रम** – भर + Rum = भर जाती है जब रम भीतर, तो फिर उसे भ्रम हो जाता है।
22. **बुन्देलखण्ड** - बुनकरों एवं देऔल (चने की दाल) खानेवाले लोगों का खण्ड। बुन्देलखण्ड में बुनकर लोग एवं चने की दाल खाने वाले लोग रहते हैं।
23. **भटक** - भगवान् में अटकना, भगवान् में जो अटक जाता है वही भटक जाता है।
24. **भिक्षुक** - भगवान् को पाने का जो इक्षुक होता है वह भिक्षुक होता है।
25. **भूना** – जो भू का नहीं रहा।
26. **भूत-भविष्य** - भू = भूमि यानि मिट्टी, त = तय। सबका भूमि यानि मिट्टी बनना तय यानि निश्चित है। कोई भी हो अंत में सभी को देर-सबेर मिट्टी ही

बनना है। यही मिट्टी बनना ही भूत है। उसी भूत यानि मिट्टी से फिर भविष्य बनेगा। यानि उसी मिट्टी से फिर नया जीव बनेगा। यही भूत-भविष्य है।

भविष्य = भव = हो, ईष्य = ईश्वर हो जो ईश्वर के अनुसार। यही भविष्य है।

27. बंधन - बंधन केवल धन के होते हैं। धन से ही आदमी बंधा होता है। धन के लिए ही वह ब अंध यानी अँधा होता है। देख लो सारी दुनिया सब धन के पीछे अंधी है। अब जब यह धन को नहीं छोड़ेंगे तो मैं कैसे इनको बंधन मुक्त कर सकता हूँ। अगर यह धन छोड़ने को तैयार हैं, तो अपने आप बंधन मुक्त हो जायेंगे।

28. बालीबाल - क्रिकेट के खेल का प्रारंभ सैनिकों की आरामगाह से हुआ। जब युद्ध समाप्त होता था तो एक पक्ष के सैनिक दुसरे पक्ष के सैनिकों की कटी हुई लाशों के सिरों के बाल पकड़कर एक-दुसरे के पास फेंकते थे उसी को लोग बालीबाल कहते थे।

29. Butt - और उसी सिर को जब यह सैनिक अपने बदूक के बट से मारते थे तो उस बट का नाम आगे चल कर बैट पड़ गया।

30. Ball - और जिस सिर के बाल पकड़ कर सैनिक लोग खेलते थे वह बाल नाम से प्रसिद्ध हो गयी।

31. बुनियाद – बुनी + याद = बुनी हुई यादें ही बुनियाद है। व्यक्ति दो ही तरह से बुनियाद बनाता है, या तो बुनकर या फिर यादों को बुनियाद बनाता है।

32. Bail - पुराने समय में महाजन का कर्जा जब किसान नहीं चुका पाता था। तो वह किसान के बैल ले जाता था। यानि जमानत के तौर पर बैल ले जाता था। वही है Bail.

33. Balance – बल + अंश = बल का अंश ही Balance है।

34. Basket - बाँस की Kit ही Basket है।

35. भ्रमित - मित (मीठा) बोलने वाले ही भ्रमित करते हैं।

36. बालिग - बाल + Egg = जिस लड़के के बाल उग आए हैं, जिस लड़की में Egg आ गए हैं, वह दोनों बालिग हैं।

37. भयंकर – भय + अंक + कर = भय दिखाया जाता है अंक दिखा कर के कर (Tax) के। यानि कर ही भयंकर होता है।

38. Bill – Body + ILL = Body जब ILL हो जाती है, उसको ठीक करने के लिए उसका तो उसका Bill बनता ही है। यह बिल लम्बा ही होता जाता है, जैसे चूहे का बिल। जिसमें चूहा पकड़ने के लिए हाथ डाला जाता है तो वहाँ साँप मिलता है।

39. बिगड़ – Big + अड़ = Big यानि बड़ा ही अड़ जाता है। जब भी जीवन में कोई अड़ता है तो समझो वह Big यानि बड़ा है। वह अड़ता इसलिए है क्योंकि वह बिगड़ गया है यानि उसे सही तरीके से गढ़ा नहीं गया है।

40. Beautiful – Beauty + फूल = फूल ही Beautiful बनाते हैं। यानि फूलों से जब किसी का श्रृंगार कर दिया जाता है तो वह सुंदर यानि Beautiful हो जाता है।

41. बेशर्म – बेच + शर्म = बेच देता है जो अपनी शर्म वह बेशर्म हो जाता है। आदमी दो ही परिस्थिति में अपनी शर्म बेचता है, एक Wish और दूसरी Rum. यानि जब किसी को कोई ईच्छा होती है, और वह पूरी नहीं होती है तो वह अपनी शर्म को बेच कर दूसरे के यहाँ काम करने को तैयार हो जाता है और पैसा कमाता है। और दूसरी जब किसी के शरीर में Rum (शराब) जाती है तो वह अपने आप बेशर्म हो जाता है, और जब उसे पीने को Rum नहीं मिलती है, तो वह शर्म के साथ-साथ सब कुछ बेच देता है।

42. भवन – भव्यता + वन = जब कोई वन में रहने जाता है तो एक भवन

बनाता है, जो भव्य होता है। सभी सुविधाओं से सम्पन्न होता है उसे भवन कहते हैं।

43. **बसूली** – बस + सूली = जब कोई बस में हो जाता है, तो फिर उससे बसूली करना आसान होता है और जो बस में नहीं होता है वह सूली पर चढ़ा दिया जाता है।

44. **Botany** – बूटी + टहनी = जड़ी-बूटी और टहनी का जो विज्ञान होता है, वह Botany कहलाता है।

45. **Bank** – पहले जमाने में नदियों और समुद्रों से जहाज के द्वारा यात्रा कि जाती थी, जब जहाज किनारे (Bank) पर पहुँचता था, तो वहाँ पर एक जगह होती थी, जहाँ पर जहाज वाले लोग अपने पैसे जमा कर सकते थे और और बाद में आकर ले सकते थे, वही Bank फिर Bank हो गया।

46. **बागडोर** – बाग + डोर = बाग में जानवर को ले जाते समय उसकी बागडोर पकड़ कर रखनी पड़ती है, नहीं तो वह बगीचे को नष्ट कर देता है।

47. **भ्रमर** – भ्रम + मर = भ्रम में मरने वाले ही भ्रमर होते हैं।

48. **Break** – बर + एक = बर (जलाकर) सबको एक कर देना ही, Break है।

49. **बदौलत** – B + दौ + लत = दो प्रकार की Bad लत ही, बदौलत होती है। इसीलिए इससे दो लत लगती हैं एक जुआ की और दूसरी वैश्या के पास जाने की, यही है Bad दौलत।

50. **बुन** – ऊन को ही बुना जाता है।

51. **भाँप** – भाप से ही तो भाँप लिया जाता है। यानि जिसे Ora कहते हैं, वही तो भाँप है। वह सबके पास है, उसे भाप से पता चल जाता है कि यह कैसा इन्सान है ?

52. **बन्दरगाह** – बन्दर + गाह = बन्दर के रहने का स्थान – जब रामेश्वरम् में

सभी बन्दर एकत्रित हुए, तो रावण ने कहा कि यह तो बन्दरों की गाह है।

53. Barrier – बैरी लोग ही Barrier लगाते हैं।

54. भावना – भाव + ना = भाव का ना होना ही भावना है।

55. Blue Print – नील की खेती से कार्बन बनाया जाता है, तो कोई कुछ काम करता है, तो उसके किये काम को चुराने के लिए, नील से बना कार्बन रख दिया जाता था, जो नीचे छप जाता था, जिसका उपयोग दूसरा कर लेता था, जिससे दूसरे के कार्य को चुराकर अपना कार्य किया जाता था, इसीलिए कहते हैं, कि Blue Print है।

56. भाड़ – भगवान + आड़ = जो भगवान की आड़ में जाते हैं, वह भाड़ में चले जाते हैं।

57. Base – बासी = किसी के Base Camp का पता उसके बासी अन्न से चलता है, क्योंकि वह Base Camp में बासी अन्न छोड़ जाता है, यही Base है।

58. बलात्कार – बल + आता + कार्य = बल के आने पर जो कार्य किया जाता है, उसे बालत्कार कहते हैं यानि जो भी कार्य बलपूर्वक किया जाता है, उसे बलात्कार कहते हैं।

59. Bill – बिल – पहले बिल नहीं दिये जाते थे, पहले बिल भरे जाते थे, चुहे से लोग बहुत परेशान रहते थे, और उसका बिल भरते थे, किंतु फिर वह कहीं और से बिल बना लेता था, तो फिर उस बिल को भरते थे, तो थक-हार कर आदमी ने बिल्ली पाल ली, अब बिल्ली उन चूहों को पकड़ती और खा जाती, किंतु अब नई समस्या थी, बिल्ली के मारे दूध नहीं बचता था, तो आदमी ने कुत्ता पाल लिया और कुत्ते के कारण बिल्ली दूर रहती थी, किंतु कुत्ते के लिए मांस चाहिए, तो उसने मुर्गीपालन किया, कुत्ता मुर्गी

के पीछे भागता रहता, तो आदमी मुर्गे को खाकर उसकी हड्डी कुत्ते के लिए डाल देता कुत्ता उसी में उलझा रहता। किंतु अब आदमी को सभी के लिए Bill भरना अभी-भी भरना पड़ता है।

60. बलगम – बल + Gum = आदमी का Gum (वीर्य) ही उसका बल है, जब वह बल बाहर निकल जाता है, तो उसे गम (दुःख) हो जाता है, तो फिर वह अपने बल की बातें दूसरे लोगों को बताता है, कि मैंने यह किया, मैंने वह किया, तो लोग उसकी बातें सुनकर उक्ता जाते हैं, और उसे खाने को Bubblegum देते हैं, जिसे वह चबाता रहता और अपने बल जाने का गम किसी को नहीं सुना पा पाता है।

61. बस्ता – किसी को बस में करने के लिए बस्ता दिया जाता है। स्कूल जाने के लिए एक बस्ता दिया जाता, उसमें किताबें होती, किताबें पढ़ने पर वह किताबों के बस में आ जाएगा, इस तरह वह बस में कर लिया जाएगा।

62. बैशाखी – वय (शरीर) के बूढ़े होने पर, लकड़ी (शाख) पकड़ कर चलते हैं, उसे बैशाखी कहते हैं।

63. बहाना – जब किसी को पेशाब आती है, तो वह कोई-न-कोई बहाना करता है, और पेशाब करने जाता है।

64. Black – बला + Lack = जब किसी का बल Lack किया जाता है, उसे किसी बला के हवाले कर दिया जाता है, वह बला उसके बल को कम कर देती है, और उसकी उजली जिन्दगी को Black (काला) कर देती है।

65. भाँगड़ा – भाँग पीकर भाँगड़ा किया जाता है।

66. बिल्कुल – Bill + कुल = Bill देखकर ही किसी का कुल पता किया जाता है।

67. भेंट – भय से ही आदमी किसी को भेंट देता है।

68. Billiards – बिल में गेंद को डालने का खेल ही Billiards.

69. बिजली – बीज जिसका ले लिया जाए उसे बिजली कहते हैं।

70. Bungalow – बंगला + Low = बंगाल में रहनेवाले Low Category के लोग जहाँ रहते हैं, उसे ही Bungalow कहते हैं। अंग्रेजों ने देखा कि बंगाल में लोग इस तरह रहते हैं, तो उन्होंने भी इसी तरह मकान बनाए और उनका नाम Bungalow दिया।

71. बदला – औरतें जब बदला लेती हैं, तो वह सब बदल देती हैं।

72. बेचैन – बेच + चैन = बेचनेवाला हमेशा बेचैन रहता है, कि यह जल्दी से जल्दी बिक जाए।

73. Bone Marrow – रीड की हड्डी यानि मैरु पर्वत से लिया गया है मज्जा कहलाता है।

74. बुलावा – Bull को भेज कर ही बुलावा भेजा जाता है। किसी को लाने के लिए पहले बैलों की बैलगाड़ी भेजी जाती थी, जिसे बुलावा कहते हैं, तो कहा जाता था Bull आवा है।

75.बेहतरीन – बेहतर + ऋण = ऋण ही बेहतर होता है।

76. भावना – भाव + ना = जिसे आप भाव नहीं देते हैं, उसे भावना देते हैं।

77. भ्रष्टाचार – भर + अष्ट + अचार = पहले जमाने में चार लोग किसी की मरी देह को घर लाते थे, तो उसे जलाते यानि दफनाते नहीं थे, उसमें आठ प्रकार के मसाले भरे जाते थे, जिससे वह अचार बन जाता था, और किसी को भ्रष्ट करना हो तो उसे वह अचार खिलाया जाता था। बस तभी से अचार और भ्रष्टाचार शुरु हो गया। जब आदमी तपस्या में बैठता है तो अष्ट चक्रों का भेदन करता है, और अगर उसे उन अष्ट चक्रों से पहले गिरा दे तो उसे भ्रष्ट करना कहते हैं, किसी को भ्रष्ट अचार खिलाकर ही किया जाता है,

क्योंकि अचार खाने से वह अपनी तपस्या से नीचे गिर जाता है, और बाहर के स्वाद में फंस जाता है।

78. **Bureau** – जहाँ हर चीज का ब्योरा रखा जाता है, वह Bureau है।

79. **भान्ड -** भान + डर = भान जाते हैं जो डर को वह भान्ड हो जाते हैं। यानि जो डर को पहचान जाते हैं।

80. **भरत** – भर + रत = भरने में रत रहता है, उसे भरत कहते हैं।

81. **भार्या** – जिसका भार अपने सिर पर हो उसे भार्या कहते हैं, पत्नी का भार सभी के सिर पर होता है।

82. **भिन्न** – जब व्यक्ति किसी से भिन्न होता है, तो वह भिन्न-भिनाता रहता है, कि वह सबसे भिन्न है।

83. **बांझ** – वाणी + झरना = जैस-जैसे स्त्री की वाणी झरने लगती है, वह बांझ होने लगती यानि जो स्त्री ज्यादा बोलती है, वह स्त्री बांझ होती है।

84. **बाँध** – बाण + धसना = जब भीष्म के गंगा नदी में बाँणों को धसाकर पहला बाँध बनाया था तभी से नदी के पानी को रोककर कोई इस प्रकार का कार्य करता है, उसे बाँध कहते हैं।

85. **बहू** – वह परदादार थी, पास से निकली पूछा कोन की बहू है **?** तो बहू ही Who हो गया और कौन की जगह अंग्रेजों ने Who का प्रयोग किया।

86. **भूख** – भू + ख = भू जिसको खाती है, वह भूख है। भू यानि धरती सबको खा जाती है, उसकी भूख कभी खतम नहीं होती है।

87. **भूना** – भू + ना = जिसको भून दिया जाता है, वह भू की नहीं रहती है, यानि जिन बीजों को भून दिया जाता है, फिर वह भू के लायक नहीं रहते हैं, यानि उनसे फसल नहीं उग सकती है।

88. **बहस** – ब + हस = बंद हो जाता है जहाँ हँसना वह होती है बहस।

89. बिलान्त – बिल + आन्त = बिल और आन्त कभी न छोटे होते हैं।

90. बीमार – बीमा + मार = जो लोग बीमार होकर मरते हैं, उनका बीमा कर के उन्हें मार दिया जाता है। वह बीमा की मार मरते हैं। जो बीमा करवाते हैं वह अक्सर बीमार रहते हैं। क्योंकि ईलाज बीमा के हो जाता है।

91. बाग – बागी लोगों को बगीचे के काम में लगाया जाता है। जहाँ पर वह **Bug** तैयार कर के रखते हैं, और राजा के यहाँ भेजते हैं। बागी लोगों के पास हमेशा अपना एक **Bag** होता है, जिसमें वह अपना सारा सामान रखते हैं, क्योंकि उनके रहने का कोई एक स्थान होता नहीं है।

92. Beach – बीच – समुद्र और धरती के बीच का स्थान Beach है।

93. Boot – बूट – खेतों में कटाई के बाद जो पोधे के अंश जमीन में गड़े रह जाते हैं, वह बूट कहलाते हैं, इसी से बचने के लिए अंग्रेजों ने पैरों में पहनने वाले Boot (मोटे चमड़े के जूते) बनाए।

94. बरगलाया – बर यानि जलाकर उसे गलाना ही बरगलाया होता है, फिर उसे किसी चीज में भी ढाल लो।

95. बादशाह – Bad + शाह = जो बुरे (Bad) शाह होते हैं वह बादशाह होते हैं।

96. बिल्कुल - Bill + कुल = Bill देखकर ही किसी का कुल पता किया जाता है।

97. बालक - बाल + Luck = बालपन में ही बालक की किस्मत (जन्मकुंडली) देखी जाती है। कि बालक का Luck क्या होगा ?

98. बिगुल - बिजली + गुल = युद्ध के समय जब सायरन बजता था, और तब बिजली गुल हो जाती थी। इसलिए उस समय बजने वाले सायरन का नाम बिगुल रखा गया।

99. भुगत - भू + गत = भू में जाना ही सबकी गत है। जमीन में मिल जाना ही सबकी गति है।

100. भूल - भूमि + लय = भूमि के साथ लय हो जाना। भूमि में पुनः मिल जाना। इन्सान यही तो भूल जाता है, कि उसे भूमि में लय हो जाना है।

101. बेचारा - बिचारा - बीच + आरा = जो आरे के बीच में आ जाए वह बेचारा ही होता है। जो दो लोगों के बीच में आ जाए, वह बेचारा होता है। यानि कभी किसी के बीच में से नहीं जाना चाहिए। या जिसे आरा बीच से चीर देता है, वह बेचारा होता है। या जहाँ आरा चल रहा हो वहाँ पर बीच में से निकलना नहीं चाहिए।

102. Budget - Budget के अनुसार व्यक्ति अपना Budget बनाता है कि वह बचत कर सके। परन्तु सरकार उसे हर तरफ से घेरकर ऐसा Budget देती है कि वह बचत करने की सोच ही नहीं सकता है। यहाँ सरकार अपनी चालाकी दिखाती है, व्यक्ति अपनी चालाकी दिखाता है। न सरकार व्यक्ति को राष्ट्र का आदमी समझती है। न व्यक्ति सरकार को राष्ट्र समझता है। सरकार Tax इकट्ठा करना चाहती व्यक्ति Tax बचाना चाहता है। न सरकार को राष्ट्र के व्यक्ति की पड़ी न व्यक्ति को राष्ट्र की सरकार की पड़ी है।

103. ब्राह्मण - ब्रह्म + मण = जिसका मन ब्रह्म में लग गया। वह ब्राह्मण है। ब्रह्म से उसके मन का संपर्क हो गया। वह ब्रह्म से उर्जा प्राप्त करता है। उसकी शक्ति ब्रह्म से आती है। वह ब्रह्म के संपर्क में रहता है।

104. बारात - Bar + रात = रात में जो Bar ढूंढ़े वह बारात और बाराती।

105. वकील - वाक् + कील = वाक् का मतलब जबान यानि जिसकी जबान पर कील लगा दी जाए वह है वकील। यानि जिसकी जबान में कील घुसा

दी जाए।

106. भेद-भाव = किसी के भेद जानने के लिए दूसरे को भाव दो। जैसे रावण के भेद जानने के लिए राम ने विभीषण को भाव दिया। रावण के जिंदा रहते हुए विभीषण का राज्याभिषेक कर दिया। तो विभीषण ने रावण का भेद बता दिया।

107. भूला-भटका - जो भूल जाता है वही भटक जाता है। इसीलिए याद रखना बहुत जरुरी है। याद वही रखता है जो होश में हैं। जो नशे में है वही भूल जाता है। इसलिए भूला-भटका कहलाता है। आदमी यही भूल जाता है कि उसे भूमि के साथ लय करना है। आदमी भगवान के साथ अटक जाता है। भूमि में मिलना है यही भूल जाता है। जो भगवान के साथ अटक जाता है वही आदमी भटक जाता है। क्योंकि हर आदमी यही प्रमाण देता है कि वह जमीन से जुड़ा हुआ है। जमीन से जुड़ा है व्यक्ति परन्तु बात आसमान की करता है। आसमान यानि परमात्मा। परन्तु वह यह भूल जाता है, आखिर में उसे भूमि में ही मिल जाना है। फिर वह शरीर आत्मा की बात करता है। यानि भेद की बात करता। शरीर और आत्मा को अलग समझता है। परन्तु किसी से भेदभाव पूर्ण व्यवहार करने के लिए मना करता है। वह शरीर के भेद जानना चाहता है। और परमात्मा के लिए कहता है कि परमात्मा तो भाव का भूखा है। बस यही भूल है और यहीं वह भटक जाता है। और भूला-भटका कहलाता है।

108. भूख - भूमि + खाना = आदमी भूमि को खाता है। भूमि आदमी को खाता है। भूमि पर उगे साग-सब्जी खाता है। और जब मर जाता है तो भूमि आदमी को खा जाती है। अब पता नहीं हम भूमि को खाते हैं या भूमि हमें खाती है।परन्तु भूमि की भूख हमसे ज्यादा है न जाने कितनों को कबसे

खाती आ रही है।

109. भगवान - भगवा + न = जो भगवा नहीं पहनता वही भगवान है। भग कहते हैं योनि को। वान कहते हैं उस योनि के मालिक को। भग स्त्री के पास होती है। उस स्त्री का पति उसका मालिक होता है। भगवा वस्त्र जो पहनता है। उनकी कोई स्त्री नहीं होती है। वह किसी भग के वान नहीं होते हैं। क्योंकि भगवान सृष्टिकर्ता है। और जिसके पास स्त्री है वही उस स्त्री से सृष्टि का निर्माण करता है। भगवाधारी के पास स्त्री नहीं है। इसलिए वह सृष्टि का निर्माण नहीं कर सकता है। इसलिए भगवा पहननेवाला भगवान नहीं है।

110. भजन - भ + जन = भगवान + जन = भगवान ही जन है और जन ही भगवान है। यानि जो जनता है वही भगवान है। यानि जो जन्म देता है वही भगवान है। यानि जो पैदा करता है वही भगवान है।

C

1. **Calorie** – काल + लोरी = लोरी ही काल से बचाती है। लोरी गाने से Calorie Control में आ जाती है।
2. **चिलमन** - Chill + मन = Chill (ठंडा) मन ही चिलमन है।
3. **Compensation** - कम्पन + शेष + अन्न = शेष नाग के हिलने-डुलने से पृथ्वी में कम्पन होता है, जो बचा हुआ अन्न होता है, उसे सभी में बाँटने को Compensation कहते हैं।
4. **Catharsis** - कथ Or सिस = कथा-कहानी सुनाकर या अकेले में सिसकियाँ लेकर व्यक्ति Catharsis यानि रेचन को प्राप्त कर लेता है।
5. **Commander** - कमानदार - जिसको कमान दी जाती है, उसे ही Commander बनाया जाता है।
6. **Channel** - छान + नल = पानी को छानने के लिए Channel पूरा Channel बिछाया जाता है।
7. **Calendar** - काल + End = काल (समय) के End होने का डर।
8. **Custodian** - कष्ट तो दिया - जब कोई व्यक्ति किसी को सुधारता है तो कहता थोड़ा कष्ट तो देंगे पर तुम अच्छे हो जाओगे।
9. **चकमा देना** – Cheque में देना ही चकमा देना होता है। अक्सर इसी तरह से चकमा दिया जाता है।
10. **Comfort** - Com + Fort = दो ही जगह Comfort मिलती है। एक कौम में दूसरी Fort में।
11. **Cross** - जहाँ Crow के द्वारा रोष को प्रकट किया जाए उसे Cross कहते हैं। जब किसी व्यक्ति को सूली पर लटकाया जाता है, तब बहुत सारे कौए उसे खाने के लिए आते हैं।
12. **चक्कर** - चक (खेत) + कर (Tax) = कोई खेत के चक्कर लगाता है। कोई कर (Tax) के चक्कर में चक्कर लगाता है।

13. **Cushion** - तकिये में कुश (काँटे) का न होना ही Cushion है।

14. **Community** - कौम + Unity = कोम में Unity बनाए रखने के लिए Community होती है।

15. **Chain** - चैन - जब तक चयन नहीं होता तब तक चैन नहीं होता है। जब तक बैग में Chain न लगा लो तब तक चैन से सो नहीं सकते।

16. **Charm** - चर्म - चर्म को ही Charm कहते हैं।

17. **Client** - कलाई + Entry = कलाई को पकड़कर Entry करना। इसलिए कलाई पर धागा बाँधकर उसे अपना Client (यजमान) बना लेते हैं।

18. **Climate** - कलाई + Mate = कलाई पकड़ना या Mate करना यह एक ही बात है। यही Climate है।

19. **Confident -** कोण (Angle) को Fix करनेवाले पर Dent नहीं पड़ता है। कोण को फिक्स करनेवाला बन्दर डाल से नहीं चूकता है। कोण को फिक्स करनेवाले ड्राईवर की कार पर Dent नहीं पड़ता है। कोण को फिक्स करनेवाले के दाँत नहीं टूटते हैं। कोण यानि कानों को भी अपनी बात न बताने वाले ही Confident होते हैं।

20. **चुनाव** - चुनना नाव को यानि नाव का ही तो चुनाव करना है।

21. **Constitution** - कंस + Tuition = कंस की Tuition ही, Constitution है। कंस के द्वारा ही पहला Constitution बनाया गया।

22. **Conspiracy** – कंस + पाय + ऋषि = ऋषि लोगों ने कंस के साथ ही तो Conspiracy की थी। जब कंस को किसी तरह न मार पाये तो उसके दिमाग में भर दिया कि जिसे तू इतना प्यार कर रहा है, उसी बहन का आठवाँ बेटा तुझे मारेगा। बस यही Conspiracy में कंस फंस गया और गुनाह करने लगा।

23. Calculator - काल + कुल + Later = काल, कुल और Later (बाद) में क्या हुआ। इसकी गणना के लिए Calculator होता है।

24. Case - स्त्री ने पति की कमीज पर केश देखा जो किसी अन्य स्त्री का उसे लगा। इस बिनाह पर उस स्त्री ने अपने पति पर Case कर दिया।

25. चूना - पानी अगर कहीं पर चूता है तो फिर वहाँ चूना लगा दो, पानी नहीं चुयेगा।

26. Cataract - Cat + अ + रस्त = Cat के Track को पार करने पर Cataract हो जाता है। बिल्ली के रास्ते में नहीं आना चाहिए। जब बिल्ली रास्ता काटती है, तो उसके बाद चलने पर Cataract हो जाता है।

27. Casualty - केश + उल्टी = खाने में जब केश (बाल) आ जाते हैं, तब आदमी को उल्टी होती है।

28. 24 Carrot - 24 घण्टे तक जिसकी चमक बनी कहे।

29. चुनाव - नाव का चुनाव करना है।

30. Cinema - सीने + मा = सीने में क्या है ? हनुमानजी ने सीना चीरकर, पहला सिनेमा दिखाया। उनके फटे सीने में भगवान राम माता सीता का Projection हुआ।

